पंजाब केसरी
WED,15 FEBRUARY 2023
EDITION: FATEHABAD KESARI, PAGE NO. 4

पानी का बचाव जरूरी, नहीं तो राशन की तरह मिलेगा : गोयल

महिला कालेज में वक्ता जानकारी देते हुए तथा प्राचार्य सम्मान करते हुए। (झंडई)

रतिया, 14 फरवरी (झंडई) : राजकीय महाविद्यालय रतिया में आयोजित 7 दिवसीय शिविर में जल संरक्षण पर व्याख्यान आयोजित किए गए। शिविर में छात्राओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विषयों पर व्याख्यान व गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है, इसी श्रृंखला के अंतर्गत जल संरक्षण पर व्याख्यान प्राचार्य डा. रविन्द्र पुरी की अध्यक्षता में करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जल नायक, पर्यावरण श्री जल स्टार जैसे नामों से प्रसिद्ध रमेश गोयल एडवोकेट आयकर व्यवसायी शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में स्वयंसेविकाओं को पानी की बर्बादी बंद करने जैसे नहाने के समय, ब्रश करते समय, गाड़ी धोते समय व अन्य कार्यों में पानी का दुरुपयोग न करें। उन्होंने वर्षा जल संचयन और संरक्षण के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाया। इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए विशेष तौर पर बताया कि जल्द ही ऐसे हालात उत्पन्न होंगे की पानी भी राशन में मिलने लगेगा।

उन्होंने बताया कि अनाज कि तरह जैसा पहले दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाऊन में सन् 2015 में हुआ था। जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि स्वयंसेविकाओं को जल बचाने के लिए प्राचार्य ने सभी छात्राओं को शपथ दिलवाई।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम प्रभारी प्रो. सीमा सिरोही ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रेरित किया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रो. प्रियंका मेहरा ने सोशल मिडिया के प्रयोग के विषय में जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने 6 वें दिन शिविर का आरंभ शहीदों को नमन करके किया। देशभक्ति काव्य प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।